खबर संक्षेप

सर्पदंश करे तो बचे झाड़फूंक से और लगवाये एंटीवैनम

छिंदवाड़ा। सांप का काटना एक चिकित्सीय आपातकाल हे ,शीघ्र पहचान ओर त्वरित उपचार से जीवन बच सकता हे । सामुदायिक जागरूकता लाने के लिए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था अपूर्वा फांउडेशन के द्वारा सेक्टर क्रमांक 3 के ग्राम कोटलबरी मे सर्पदंश पर जागरूकता कार्यक्रम के शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल ग्राम कोटलबर्री मे जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं प्राचार्य बलराम धृतलहरे के मार्ग दर्शन,एवं अपूर्वा फांऊडेशन के अध्यक्ष संजय साहू ,परामर्श दाता एवं सिविल डिफेंस के सब डिवीजन वार्डन श्यामल राव ,प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राहुल अवस्थी की उपस्थिति मे किया गया । इस अवसर पर श्यामल राव ने उपस्थित छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए बताया की बरसात के समय अक्सर सर्पदंश की घटनाए अधिक होती है,इससे बचने के लिए सभी को जागरूक रेहना होगा ।

जागृति संकीर्तन मंडल ने धूमधाम से मनाया जाएगा गुरू पूर्णिमा उत्सव

छिंदवाड़ा। जागृति संकीर्तन मंडल पूर्वी बुधवारी द्वारा बुधवार को प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गुरू पूर्णिमा पर्व मुख्य पोस्ट ऑफिस अनगढ़ हनुमान मंदिर प्रांगण में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। अध्यक्ष भारत डोले ने बताया कि इस अवसर पर 29 जुलाई दिन बुधवार को प्रातः 9.00 बजे दादाजी की मनमोहक झांकी को मंत्रोत्पचार के साथ धुनीवाले दादाजी का महाभिषेक किया जायेगा, दरबार के महंत नागेन्द्र ब्रम्हाचारी महाराज के करकमलों से ज्योति कलश प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। तत्पश्चात दिन भर धूनी वाले दादाजी (भजलो दादाजी का नाम, भजलो हरिहर जी का नाम) का नाम जाप चलेगा, इसके बाद रात्रि 8 बजे आरती के पश्चात विशाल भंडारा एवं भव्य विशाल भजन संध्या का कार्यक्रम किया जावेगा । अध्यक्ष भारत डोले, सचिव इनोद काम्बले, कोषाध्यक्ष सुरेश मालवीय, गुन्टू इंगले, विनायक चन्ने, यशवंत डोले, सन्तु जैन, ओमकार चैधरी, सुरेश मानकर, श्रीराम विश्वकर्मा, राम उसरेठे, राजू इंगले ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु शहर के भक्तों एवं माता, बहनों से अपील की है।

सांसद ने देखी और सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

छिंदवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी कार्यक्रम मन की बात के 136 वें संस्करण को मध्यप्रदेश के दतिया में भाजपा के युवा साथियों एवं देवतुल्य कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक रूप से सुना और देखा। सांसद बंटी विवेक साहू ने बताया कि इस बार मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कारगिल विजय दिवस पर हमारे वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और राष्ट्रभक्ति, भारतीय नौसेना मे महेंद्रगिरी के शामिल होने एवं विक्रम 1 के सफल प्रक्षेपण, खादी, खेलों में भारत की उपलब्धियों, हर घर तिरंगा अभियान तथा त्रिपुरा के पारंपरिक चौंगप्रेंग जैसे प्रेरणादायी विषयों का उल्लेख किया।

स्पीड ब्रेकर नहीं होने से हो रही है दुर्घटनाएं, दो बाइक टकराई, 2 गंभीर रूप से घायल नागपुर रेफर

स्पीड ब्रेकर लगाने में प्रशासन को छूट रहा पसीना!

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

नगर के व्यस्ततम और मुख्य नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग स्थित श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक प्रशासनिक लापरवाही का एक बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। इस अति-व्यस्त मार्ग पर स्पीड ब्रेकर न होने के कारण यहाँ हर तीसरे दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की लगातार अनदेखी के चलते यहाँ के हालात बदतर हो चुके हैं, मानो प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी के इंतजार में बैठा हो। रविवार को दोपहर के वक्त इसी चौक पर बेलगाम गति का खौफनाक मंजर देखने को मिला, जब दो मोटरसाइकिलें आमने-सामने जोर से टकरा गईं। इस भीषण हादसे में एक महिला और एक युवक गंभीर रूप से घायल और लहु लुहान हो गए है।घायल लता राउत (उम्र 25 वर्ष), निवासी पारड़सिंगा मोंटू सरेआम (उम्र 18 वर्ष), निवासी छिंदवाड़ा का समावेश है।घटना के बाद दोनों घायलों को तुरंत सौसर अस्पताल ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए नागपुर रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों का साफ कहना है कि यदि चौक पर गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) होते, तो यह हादसा टल सकता था।

सौंसर प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही

श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक की स्पीड ब्रेकर की गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय निवासियों, नेताओं और संगठनों द्वारा पूर्व में कई बार तहसील कार्यालय नपा सौसर एवं प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन और लिखित निवेदन सौंपे जा चुके हैं। इसके बावजूद नपा प्रशासन से लेकर जिला और तहसील प्रशासन के अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। इस चौराहे के आसपास का क्षेत्र शैक्षणिक और व्यावसायिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है। यहाँ बड़े पैमाने पर कोचिंग सेंटर, बैंक और स्कूल संचालित होते हैं। बस स्टैंड और कई प्रमुख कॉलोनियों के लिए नागरिकों, छात्र-छात्राओं और पदयात्रियों का भारी आवागमन रहता है। इसके बावजूद भारी-भरकम और तेज रफ्तार वाहन इस क्षेत्र में पूरी तरह बेलगाम होकर दौड़ रहे हैं, जो सीधे तौर पर आम जनता की जान से खिलवाड़ है।

जनप्रतिनिधि ने उठाई सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की माँग

बढ़ते हादसों पर चिंता जताते हुए नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय ठाकरे ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे तथा नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर लगातार बढ़ते यातायात के दबाव, स्कूलों और बैंकों की उपस्थिति को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन को तत्काल प्रभाव सेचारों मार्गों पर स्पीड ब्रेकर की व्यवस्था करनी चाहिए। समय रहते यदि प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो कभी भी कोई बड़ा जानलेवा हादसा घटित हो सकता है। अब देखना यह है कि प्रशासनिक आँखें कब खुलती हैं और नागरिकों की सुरक्षा के लिए कब ठोस कदम उठाए जाते हैं।

फिक्की के अंतिम चरण में पहुंचा छिंदवाड़ा का वॉश ऑन व्हील्स प्लस नवाचार

पद्म विभूषण डॉ. आर.ए. माशेलकर सहित मुख्य जूरी के समक्ष सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार ने जिले के नवाचार का किया प्रभावी प्रस्तुतीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

स्वच्छता एवं वॉश (जल, स्वच्छता एवं स्वच्छ व्यवहार) के क्षेत्र में छिंदवाड़ा जिले की अभिनव पहल ₹वॉश ऑन व्हील्स प्लस₹ ने फिक्की इंडिया सैनिटेशन कोएलिशन (आईएससी-फिक्की) सैनिटेशन अवॉर्ड्स-2026 में अपनी मजबूत दावेदारी और सशक्त कर दी है। प्रारंभिक चरण में तीन श्रेणियों में एग्जीक्यूटिव जूरी के समक्ष सफलतापूर्वक प्रस्तुतीकरण देने के बाद जिला पंचायत, छिंदवाड़ा का चयन मुख्य जूरी (अंतिम चरण) के लिए किया गया।

इसके अंतर्गत 25 जुलाई को आयोजित अंतिम जूरी बैठक में वॉश के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कौशल विकास पहल तथा विद्यालयों में वॉश पर विशेष फोकस श्रेणियों में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अग्रिम कुमार ने ऑनलाइन माध्यम से जिले के नवाचार का विस्तृत एवं प्रभावी प्रस्तुतीकरण दिया।

मुख्य जूरी में देश के प्रख्यात वैज्ञानिक एवं पद्म विभूषण डॉ. आर.ए. माशेलकर सहित स्वच्छता एवं वॉश क्षेत्र के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ जूरी सदस्य के रूप में शामिल थे। इनके समक्ष ₹वॉश ऑन व्हील्स प्लस₹ मॉडल की अवधारणा, प्रभावी क्रियान्वयन, कौशल विकास, विद्यालयों में स्वच्छता एवं पेयजल सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, जल एवं स्वच्छता परिसंपत्तियों के सतत रखरखाव, नवाचार, सामुदायिक सहभागिता तथा व्यवहार परिवर्तन से जुड़े विभिन्न पहलुओं का विस्तार से प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रस्तुतीकरण के दौरान जूरी सदस्यों द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए मॉडल की उपयोगिता एवं नवाचार की सराहना की गई। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 01 जुलाई को वॉश प्रणाली के सतत रखरखाव एवं सामुदायिक प्रबंधन में उत्कृष्टता श्रेणी तथा 06 एवं 07 जुलाई को अन्य श्रेणियों के लिए एग्जीक्यूटिव जूरी के समक्ष सफलतापूर्वक प्रस्तुतीकरण किया गया था। एग्जीक्यूटिव जूरी द्वारा चयनित किए जाने के बाद ही जिला पंचायत, छिंदवाड़ा को वॉश के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कौशल विकास पहल एवं विद्यालयों में वॉश पर विशेष फोकस श्रेणियों में अंतिम मुख्य जूरी के समक्ष प्रस्तुतीकरण का अवसर प्राप्त हुआ।

गौरतलब है कि छिंदवाड़ा जिले की ₹वॉश ऑन व्हील्स₹ पहल को वर्ष 2025 में फिक्की इंडिया सैनिटेशन कोएलिशन द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इसी सफल मॉडल को और अधिक व्यापक एवं प्रभावी स्वरूप देते हुए जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ₹वॉश ऑन व्हील्स प्लस₹ पहल संचालित की जा रही है।

भाजपा नगर युवा मोर्चा ने कारगिल विजय दिवस पर किया शहीदों का नमन

छिंदवाड़ा। कारगिल विजय दिवस केवल एक विजय का पर्व नहीं, बल्कि उन वीर सपूतों के अदम्य साहस, सर्वोच्च बलिदान और अटूट राष्ट्रभक्ति का अमर स्मरण है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। 1999 के भारत-पाक युद्ध में अपनी जान की परवाह किये बिना दुश्मनों के नापाक मंसूबों को मिट्टी में मिलाकर देश के सैनिकों ने न केवल अदम्य साहस, शौर्य, वीरता का परिचय दिया बल्कि रणभूमि में देश को शानदार जीत दिलाई। यह बात कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष बिट्टु मंडराह सहित अन्य वक्ताओं ने कही।

इस अवसर पर कारगिल के सभी अमर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि एवं भारतीय सेना के शौर्य को शत-शत नमन किया गया। कार्यक्रम में युवामोर्चा उपाध्यक्ष रवि मालवी, मंडल महामंत्री अंकित तिवारी, भाजपा खेल प्रकोष्ठ के जिला सयोजक अंकित सोलंकी, अंकित ढोंके, राहुल रसेला, सौरभ ठाकुर, ऋषभ ताम्रकार, प्रिंस सोनी, मलखान, आदित्य गोस्वामी , सुजल साहू, नितेश साहू, करन यादव ,कैलाश सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सर्व शिक्षा के उपयंत्री मनरेगा में अटैच, खंडहर हो रहे स्कूल, संचालक के आदेशों की अनदेखी पर उठे सवाल

2023 में मूल विभाग में लौटाने के दिए गए थे निर्देश, फिर भी कई जनपदों में मनरेगा का संभाल रहे प्रभार, स्कूल भवनों के रखरखाव पर पड़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिले की कई जनपद पंचायतों में समग्र शिक्षा (पूर्व सर्व शिक्षा अभियान) के उपयंत्रियों की मनरेगा में वर्षों से अटैचमेंट को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि मूल विभाग का कार्य छोड़कर मनरेगा में सेवाएं देने के कारण स्कूल भवनों के रखरखाव, निरीक्षण और मरम्मत कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे कई शासकीय विद्यालय जर्जर स्थिति में पहुंच गए हैं और छात्र-छात्राएं जोखिम के बीच पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

जानकारी के अनुसार समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूल भवनों का नियमित निरीक्षण, मरम्मत कार्यों का आकलन (एस्टीमेट) तैयार करना तथा भवनों के रखरखाव की जिम्मेदारी तकनीकी अमले की होती है। आरोप है कि संबंधित उपयंत्री लंबे समय से मनरेगा कार्यों में व्यस्त हैं, जिसके कारण विद्यालयों का समय पर निरीक्षण नहीं हो पा रहा है। परिणामस्वरूप कई स्कूल भवनों की मरम्मत के प्रस्ताव समय पर तैयार नहीं हो रहे और उनकी स्थिति लगातार खराब होती जा रही है।

इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल के तत्कालीन संचालक धनराजू एस. द्वारा 6 मार्च 2023 को जारी पत्र क्रमांक 1305 में सभी जिला कलेक्टर सह जिला मिशन संचालकों को निर्देशित किया गया था कि समग्र शिक्षा अभियान के तकनीकी अमले की सेवाएं मनरेगा अथवा अन्य विभागों में न ली जाएं। पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि शाला भवनों की मरम्मत, नवीन भवन निर्माण तथा अन्य तकनीकी कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराना आवश्यक है, इसलिए तकनीकी अमले को मूल विभाग में कार्यरत रखा जाए।

इसी प्रकार प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, भोपाल द्वारा भी पत्र क्रमांक 844 के माध्यम से कार्यपालन यंत्रियों को निर्देश दिए गए थे कि समग्र शिक्षा अभियान के उपयंत्रियों को मनरेगा सेक्टर का प्रभार न सौंपा जाए।

इसके बावजूद आरोप है कि छिंदवाड़ा जिले की बिछुआ, जुन्नारदेव, चौरई, छिंदवाड़ा और सौसर जनपद पंचायतों में आज भी समग्र शिक्षा के उपयंत्री मनरेगा कार्यों में संलग्न हैं। जबकि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) विभाग में उपलब्ध तकनीकी अमले से कार्य लिया जा सकता है।

मामले में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि राज्य स्तर से जारी स्पष्ट निर्देशों के बावजूद तीन वर्ष बाद भी उनका पालन क्यों नहीं हुआ। यदि आदेश प्रभावी थे तो संबंधित अधिकारियों ने उनका क्रियान्वयन क्यों नहीं कराया। वहीं दूसरी ओर यह भी सवाल उठ रहा है कि जर्जर होते स्कूल भवनों और तकनीकी निरीक्षण में हो रही देरी की जिम्मेदारी आखिर किसकी तय होगी।

हालांकि इस संबंध में जिला प्रशासन या संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने नहीं आया है। यदि प्रशासन की ओर से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त होती है तो उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

वार्ड 42 में कार्यकर्ताओं के डिजीटल प्रशिक्षण की दी जानकारी

छिंदवाड़ाः भाजपा नगर मंडल क्र. 4 अंतर्गत शक्ति केन्द्र गुलाबरा वार्ड नंबर 42 में होटल सिल्वर साइन में कार्यकारिणी की बैठक संपन्न। उक्ताशय की जानकारी सागर बंन्देवार बताया कि इस बैठक में संगठनात्मक मजबूती, महिलाओं के सशक्तिकरण और आगामी कार्ययोजना पर दूरदर्शी एवं सकारात्मक संवाद हुआ, जो संगठन को नई ऊर्जा और स्पष्ट दिशा प्रदान करेगा। बैठक में गुलाबरा नगर मंडल 4 अध्यक्ष श्रीमती लीला बजोलिया ने कार्यकर्ताओं को डिजीटल प्रशिक्षण एवं डिजिटलीकरण बूथ कार्यकारिणी में संशोधन एवं डिजीटल अपडेशन के बारे में जानकारी । इस अवसर पर वार्ड पार्षद संदीप सिंह चैहान, श्रीमती माया बंन्देवार (एल्डरमैन मनोनीत पार्षद) प्रमुख वक्ताओं में शक्ति केंद्र प्रभारी नीरज ब्रह्मवंशी, संयोजक अंकित सोलंकी, सहसंयोजक पप्पू ठाकुर, राजेंद्र बाकलीवाल व वार्ड के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने श्रीमती माया बंन्देवार को एल्डरमेन मनोनीत पार्षद बनने पर शुभकामनाएं दी, दिनेश मालवी (पूर्व पार्षद), राजू नारोटे, अंकित तिवारी मंडल महामंत्री ने कहा कि संकल्प, समर्पण, संगठन के सूत्र के साथ हम सेवा और विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर हैं, आनंद गोहर (बुथ अध्यक्ष), श्रीमती निशा गोस्वामी, श्रीमती प्रभा ओक्टे , श्रीमती अंजली विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

कारगिल के वीरों का बलिदान युवाओं के लिए प्रेरणाः शेषराव

भाजपा जिलाध्यक्ष ने जेन जी के साथ सुनी प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात'

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी छिंदवाड़ा के जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने रविवार को जिला भाजपा कार्यालय में जेन जी (नई पीढ़ी के युवाओं) के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र निर्माण, युवा शक्ति, सामाजिक नवाचार, आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण तथा जनभागीदारी जैसे विषयों पर व्यक्त विचारों को युवाओं ने गंभीरता से सुना।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के 140 करोड़ नागरिकों से प्रधानमंत्री का आत्मीय संवाद है। यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले लोगों के प्रेरक प्रयासों को देश के सामने लाता है और विशेष रूप से युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि आज का जेन जी विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की सबसे बड़ी शक्ति है और प्रधानमंत्री लगातार नई पीढ़ी को नवाचार, सेवा, तकनीक और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के उपरांत, कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 26 जुलाई केवल एक तिथि नहीं, बल्कि भारत के अदम्य साहस, अटूट संकल्प और राष्ट्रभक्ति का अमर प्रतीक है। कारगिल की दुर्गम चोटियों पर भारतीय सेना के वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर तिरंगे की आन, बान और शान को अक्षुण्ण रखा तथा पूरी दुनिया को भारत के स्वाभिमान और सैन्य पराक्रम का परिचय कराया।

उन्होंने कहा कि कारगिल के रणबांकुरों ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत शांति का उपासक अवश्य है, लेकिन अपनी संप्रभुता और सम्मान की रक्षा के लिए हर चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम है। उनका सर्वोच्च बलिदान प्रत्येक भारतीय के सुरक्षित और सम्मानपूर्ण जीवन का आधार है तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने युवाओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' से प्रेरणा लेते हुए कारगिल के अमर वीरों के त्याग, अनुशासन और राष्ट्र समर्पण की भावना को अपने जीवन का आदर्श बनाएं तथा विकसित, सुरक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

इस अवसर पर जिला महामंत्री विजय पांडे, साईं कोचिंग के संचालक संतोष साहू, अनिल गुप्ता, कार्यालय मंत्री भारत घई, जिला उपाध्यक्ष राजू नंदवंशी, भाजपा नेता धर्मेन्द्र मिगलानी, संजय पटेल, राकेश माइकल पहाड़े, दिनेश दिन्शु यादव, नीरज सिंह, प्रशांत भावरकर, दीपक कोल्हे, अभिषेक परतेती आदि मौजूदर रहे।

जिले में अभी तक 416.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

छिन्दवाड़ा। जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 416.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 551.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 26 जुलाई 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 03 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 26 जुलाई 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले की तहसील हर्रई में 18.2, परासिया में 1.1, जुन्नारदेव में 2.4 और उमरेठ में 11.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 272, मोहखेड़ में 341.1, तामिया में 374, अमरवाड़ा में 434.2, चौरई में 530.2, हर्रई में 387.5, बिछुआ 371.1, परासिया में 298.1, जुन्नारदेव में 390.4, चांद में 557.9 और उमरेठ में 475.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

शासन के निर्देशों की अनदेखी, मंदिर के पास गंदगी व दुर्गंध से वार्डवासियों में रोष

मुख्य बाजार में खुलेआम बिक रहा मांस-मछली, नगर परिषद की कार्रवाई पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई

चौरई नगर परिषद क्षेत्र में मध्य प्रदेश शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद खुले में मांस-मटन और मछली की बिक्री धड़ल्ले से जारी है। शासन ने 21 फरवरी को सभी नगरीय निकायों को खुले में मांस-मछली की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने तथा स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन करीब दो वर्ष बीत जाने के बाद भी चौरई में इन आदेशों का पालन होता दिखाई नहीं दे रहा है।

नगर के मुख्य सब्जी बाजार और वार्ड क्रमांक-4 स्थित शंकर माड़िया माता मंदिर के आसपास खुलेआम मांस-मछली बेची जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिना लाइसेंस और बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के सड़क किनारे मांस-मछली की बिक्री की जा रही है। इससे क्षेत्र में दुर्गंध, गंदगी और संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।वार्डवासियों का कहना है कि कई बार नगर परिषद और प्रशासन से शिकायत की जा चुकी है। वार्ड क्रमांक-4 के पार्षद अमित चौरसिया ने भी इस संबंध में कई बार नगर परिषद को लिखित एवं मौखिक शिकायतें दीं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना है कि प्रशासन कभी-कभार औपचारिक छापेमारी कर खानापूर्ति कर देता है, लेकिन अगले ही दिन स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार खुले में बिक रही मछलियों पर धूल-मिट्टी और मक्खियां बैठती रहती हैं, जिससे खाद्य सामग्री दूषित हो रही है और गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। दुकानों से निकलने वाला अपशिष्ट और गंदा पानी मंदिर के समीप स्थित सार्वजनिक कुएं तथा सड़क पर बहाया जा रहा है।

नागरिकों का आरोप है कि इसी कुएं के पानी की आपूर्ति नगर परिषद द्वारा आसपास के घरों में भी की जाती है, जिससे लोगों की स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं और बढ़ गई हैं।क्षेत्रवासियों का कहना है कि एक ओर नगर परिषद स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर शहर के मुख्य बाजार में खुलेआम मांस-मछली की बिक्री प्रशासनिक लापरवाही को उजागर कर रही है। इस संबंध में नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को भी शिकायत दी गई है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से वार्डवासियों और धर्मप्रेमी नागरिकों में रोष व्याप्त है।

लोगों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई कर खुले में हो रही बिक्री पर रोक लगाने, स्वच्छता मानकों का पालन सुनिश्चित करने और संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

10 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन

वार्डवासियों को मिलेगी कच्ची सड़क से मुक्ति, वार्ड क्रमांक 45 के वार्डवासियों को मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा सीमा क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक 45 के नागरिकों की वर्षों पुरानी सड़क समस्या के स्थाई समाधान की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। वार्ड में लगभग 10 लाख रुपये की स्वीकृत लागत से निर्मित होने वाली पक्की सीसी (सीमेंट कंक्रीट) सड़क का विधिवत भूमि पूजन नगर निगम महापौर श्री विक्रम अहके के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस निर्माण कार्य के पूर्ण होने से वार्डवासियों को लंबे समय से कच्ची सड़क एवं कीचड़ से होने वाली परेशानियों से हमेशा के लिए राहत मिलेगी तथा आवागमन अधिक सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक हो सकेगा।

भूमि पूजन के गरिमापूर्ण कार्यक्रम में नगर निगम महापौर श्री विक्रम अहके, स्थानीय वार्ड पार्षद श्री भूरा भावरकर, मंडल अध्यक्ष श्रीमती लीला बिजोलिया, बूथ अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक व वार्डवासी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर महापौर श्री विक्रम अहके ने कहा कि छिंदवाड़ा शहर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत नागरिक सुविधाओं का विस्तार करना निगम प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने विश्वास जताया कि इस सीसी रोड का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र पूरा होगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सहूलियत मिलने के साथ-साथ क्षेत्र के समग्र विकास को भी नई गति प्राप्त होगी। कार्यक्रम के अंत में वार्डवासियों ने विकास कार्य की सौगात मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अतिथियों का

शासकीय महाविद्यालय दमुआ में 'कारगिल विजय दिवस' पर विविध कार्यक्रम आयोजित

दमुआ। कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शासकीय महाविद्यालय दमुआ में 26 जुलाई 2026 को 'कारगिल विजय दिवस' के अवसर पर विभिन्न देशभक्ति एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, सैन्य बलों के प्रति सम्मान तथा शहीदों के बलिदान के प्रति कृतज्ञता का भाव जागृत करना रहा।कार्यक्रम के अंतर्गत कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा दो मिनट का मौन रखकर उनके बलिदान को नमन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रभक्ति एवं देशप्रेम पर आधारित व्याख्यान, संगोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया।व्याख्यान में डॉ. सरिता पाल एवं डॉ. राजेश लोखंडे ने कहा कि कारगिल युद्ध भारतीय सेना के अदम्य साहस, वीरता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को देशभक्ति, अनुशासन एवं राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए निबंध, भाषण, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान एवं राष्ट्रीय सुरक्षा विषयक प्रेरक चलचित्र/डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन भी किया गया।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्र-छात्राओं को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के प्रति संकल्प दिलाया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जबकि कार्यक्रम का संयोजन नीरज कुमार सल्लाम द्वारा किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ डॉ. विमल कुमार कौशले, डॉ. दिलीप ढोबाले, डॉ. विनिता धुर्वे, जितेंद्र दिवाकर, सुषमा टांडेकर, गौरीशंकर घोरे, दिनेश इबनाती, वैभव पाटिल, कंचन चंद्रवंशी, डॉ. पुष्पा मौर्य, घनश्याम मालवीय, महेश भारती, मोरेश्वर कराड़े, सुखमन भारती, ढोंढू तेकाम एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

समिति ने सांसद साहू का किया अभिनन्दन

छिंदवाड़ा। गत दिवस जिले के लोकप्रिय सांसद विवेक (बंटी) साहू द्वारा जिले की खुशहाली , तरक्की और विकास हेतु धार्मिक पैदल यात्रा (मैहर) का आयोजन किया था । जो 1 जुलाई को छिंदवाड़ा से प्रारंभ होकर 14 जुलाई को समाप्त हुई थी । सांसद के इस धार्मिक आयोजन कि सभी ने जमकर सराहना की । बहुत से धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने भी इसमें शिरकत की । परम पूज्य संत श्री आशाराम जी बापू द्वारा प्रेरित श्री योग वेदांत सेवा के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई और मीडिया प्रभारी भगवानदीन साहू ने सांसद जी का सिवनी समिति ,जबलपुर समिति ,सिहोरा समिति ,कटनी समिति से जगह जगह भव्य स्वागत करवाया साथ ही निर्दोष संत श्री आशाराम जी बापू की सम्मान सहित रिहाई के लिए जगह - जगह ज्ञापन भी दिये । संभाग स्तर की सभी समितियों ने सांसद महोदय जी से निवेदन किया कि पूज्य बापूजी पर आरोपित तथाकथित झूठा प्रकरण लोकसभा में जरूर उठायें । जिस पर सांसद जी ने सभी समितियों के प्रमुखों को स्वीकृति प्रदान की है। ऐतिहासिक पैदल धार्मिक यात्रा के समापन पर समिति के पदाधिकारियों ने उनके निवास पहुँचकर उन्हें श्री फल ,शाल ,और पुष्प गुच्छ से स्वागत अभिनन्दन किया । इस अवसर पर समिति के पी आर शेरके ,एम आर पराडकर ,सुभाष इंगले , धनाराम सनोडिया ,शम्मुदयाल साहू ,सुभाष सतीजा ,गेंदराव कराडे , तिलक सिंह पन्द्राम ,गोवर्धन मालवीय ,कैलाश राउत ,नारायण ताम्रकार ,अशोक कराडे ,बबलू माहोरे ,रामेश्वर कर्मवीर ,भूपेश पहाड़े, सिहोरा समिति के राकेश भाई,सरिता रजक ,राजेश साहू कटनी समिति के संरक्षक दादा श्री किशन चंद चेलानी ,समिति अध्यक्ष सतीश रूपवानी ,दीपेश होतवानी ,महिला समिति से विमल शेरके ,डॉ. मीरा पराडकर ,योगिता पराडकर,छाया परसाई , करुणेश पाल,शकुंतला कराडे निर्मिला पटेल ,सुधा ताम्रकार ,रुपाली इंगले ,ज्योति कराडे ,प्रीति सोंनारे ने भी सांसद जी का आभार व्यक्त किया । उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी भगवान दिन साहू ने दी ।

नीट परीक्षा में पीयूष ने हासिल किए 578 अंक

सौंसर। नीट परीक्षा को लेकर बनी अनिश्चितताओं और तमाम प्रशासनिक पेचीदगियों के बीच क्षेत्र के एक होनहार छात्र ने अपनी कड़ी मेहनत के दम पर सफलता का परचम लहराया है। कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए खेरितायगाव निवासी पीयूष साहू ने नीट परीक्षा में 578 अंक हासिल कर पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस शानदार उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। नीट परीक्षा रद्द होने और कई तरह की तकनीकी बाधाओं के बीच अक्सर विद्यार्थियों का मनोबल टूट जाता है, लेकिन पीयूष ने हार नहीं मानी। उन्होंने अपनी एकाग्रता और अटूट आत्मविश्वास को बनाए रखा।पीयूष की इस सफलता के पीछे उनके परिवार का संघर्ष भी जुड़ा है। उनके पिता मुखिया लाल साहू एक रेमंड कंपनी में साधारण कामगार के रूप में कार्यरत हैं। सीमित संसाधनों और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद माता-पिता ने बेटे के सपनों को टूटने नहीं दिया, और पीयूष ने भी अपनी लगन से इसे साबित कर दिखाया। अपनी इस ऐतिहासिक सफलता का पूरा श्रेय पीयूष ने अपने माता-पिता के आशीर्वाद और मिडास कोचिंग के अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है।

अजय बने कोटवार संघ के जिला अध्यक्ष

सौंसर। रविवार को सौंसर के जनपद पंचायत सभा कक्ष में कोटवार संघ का एक भव्य सत्कार एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले कोटवारों के योगदान को रेखांकित करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। समारोह के दौरान संघ के नवनियुक्त जिला व तहसील पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है जिसमें सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष अजय गजभिए को बनाया गया हैं।वही नरेंद्र गजभिए:तहसील अध्यक्ष श्रीमती सरिता गजभिए,महिला प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष श्रीमती शुभांगी गोडबोले, जिला महिला अध्यक्ष बनाया गया है।यह आयोजन कर्मचारी नेता राजू खंडाईत एवं प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमान हरवीर सिंह यादव के कुशल नेतृत्व तथा मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रांतीय टीम के साथ-साथ विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने प्रशासनिक कसावट और मैदानी स्तर पर कोटवारों की कार्यप्रणाली को मजबूत करने पर बल दिया।नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अजय गजभिए ने इस नियुक्ति पर सभी कोटवारों कोटवालों के साथी वरिष्ठ पदाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कोटवारों की हर समस्याओं का समाधान करने के लिए आगे रहने की बात कही।

विदा हुए सैय्यद शाह हुसैन मिस्कीनी, सात दिवसीय प्रवास में दिया मानव सेवा और सद्भाव का संदेश

सिंगोड़ी: मिस्किनी समाज के विशेष आमंत्रण में सिंगोड़ी आए सैय्यद शाह हुसैन मिस्कीनी अपनी सात दिनों की यात्रा के बाद रविवार को सिंगोड़ी से नागपुर के लिए दोपहर को रवाना हुए। इस दौरान बाबा शाह हुसैन जिले के अन्य हिस्सों में भी गए जहां पर नागपुर स्थित दरगाह बाबा ताजुद्दीन रह.अलैह के द्वारा दिए गए उपदेष मानव कल्याण मानव सेवा गुरु सेवा और सद्भाव एकता को मजबूत करने की बात कही वही विशेष दुआ फातिहा जगह जगह आयोजित की गई। इस दौरान बहिद मिस्कीनी इस्तेयक मिस्कीनी समद मिस्कीनी अहद मिस्कीनी फरीद मिस्किनी आलम मिस्कीनी सफीक मिस्कीनी जाहिद मंसूरी हन्नू भाई सहित अन्य सामिल थे।

गूंजे वीर सपूतों के जयकारे ,आईवीओ भारत और एनसीसी कैडेट्स ने निकाली तिरंगा रैली

सौंसर। कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत पूर्व सैनिकों के संगठन इंडियन वेटरन्स ऑर्गेनाइजेशन (आईवीओ) भारत** टीम, सौसर द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी देशभक्ति और उत्साह से परिपूर्ण विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन ने पूरे नगर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर के भारत माता चौक पर भारत माता के तैलचित्र के पूजन एवं माल्यार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात एक विशाल तिरंगा रैली निकाली गई।यह रैली भारत माता चौक गांधी चौक डॉ. बाबा साहब आंबेडकर चौक भगत सिंह चौक, बस स्टैंड, जय स्तंभ (तहसील परिसर)इस तिरंगा रैली में पूर्व सैनिकों के साथ-साथ एनसीसी कैडेट्स ने भी पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया।

नपा दमुआ से पुराना बस स्टैंड में शौचालय की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ

शौचालय की मांग पुराना बस स्टैंड दमुआमें मूलभूत सुविधाओं का अभाव है जबकि दमुआ पुराना बस स्टैंड में आज तक एक भी सुलभ शौचालय नहीं है खास बात तो या है कि प्रतिदिन लोगों का आना-जाना लगा रहता है लेकिन मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं है शौचालय न होने से बाहर से आवागमन करने वाले यात्रियों एवं नागरिकों व्यापारियों आम जनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है यात्रियों को सुविधा महिलाओं की सुरक्षा सम्मान बच्चों और बुजुर्गों को राहत स्वच्छता से बेहतर माहौल जनहित में आवाज उठाना हमारा अधिकार है कांग्रेस सेवा दल के दमुआ नगर अध्यक्ष राजा राईन ने शौचालय जैसी सुविधा की मांग की है।

सीएम राइस दमुआ में किया गया पौधारोपण

दमुआ। सांदीपनि विद्यालय दमुआ सीएम राइस में 23 जुलाई दिन गुरुवार को विद्यालय परिसर प्रांगण में विद्यालय परिवार द्वारा प प्राचार्यश्रीमती गौरी कैलाबाग पूर्व सेवानिवृत्ति उच्च श्रेणी शिक्षक श्री S.R. परिहार जी श्री रतनलाल सूर्या जी शैलेश मंडेलिया जी एनसीसी क्रेडिट प्रभारी अभिजीत मोहबे दुर्गा सिंह राजपूत जी राकेश खातरकर जी एवं विद्यालय परिसर में स्कूली छात्राओं की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया

लायंससेवा समिति ने किया गरीब भोज का आयोजन

दमुआ। लायंस सेवा समिति दमुआ द्वारा प्रति सप्ताह दिन मंगलवार को बेरियल कादरी ऑफिस के पास गरीब भोज परिसर दमुआमें श्री दौलत राम पाटिल अजाबराव पाटिल की माताजी स्वर्गीय सेवंती बाई पाटिल की स्मृति पुण्यतिथि में दिनांक 26 जुलाई दिन रविवार को गरीब भोज परिसर में गरीबों को भोजन कराया गया और वृक्षारोपण भी किया गया एवं वस्त्र भी वितरण किए गए इस अवसर पर मुख्य रूप से समिति के संरक्षक डॉक्टर आरके विश्वकर्मा जी मदन सोनी जी रतनलाल सूर्या जी सोहन चौहान जी चिरौंजी बिहारी जी भानु साहू दुर्गा सिंह राजपूत जी राकेश खातरकर की मुख्य रूप से उपस्थित रहे एवं समिति के समस्या कार्यकर्ता सेवादार उपस्थित रहे।

समय पर उपचार से बची सर्पदंश पीड़ित पवन सोनवाने की जान

प्रशासन ने सर्पदंश के मामलों में अंधविश्वास छोड़ तत्काल अस्पताल पहुंचने की अपील की

बालाघाट

जिले के बैहर विकासखंड के ग्राम मंडवा में समय पर मिले चिकित्सकीय उपचार ने एक सर्पदंश पीड़ित की जान बचा ली। यह मामला इस बात का उदाहरण बन गया है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक और तंत्र-मंत्र के बजाय तत्काल अस्पताल पहुंचना ही जीवन बचाने का सबसे प्रभावी उपाय है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 जुलाई की शाम करीब 6 बजे ग्राम मंडवा निवासी पवन सोनवाने को विषैले कोबरा सांप ने तीन से चार स्थानों पर काट लिया। सर्पदंश के बाद उनकी हालत गंभीर हो गई। परिजनों और ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए किसी भी अंधविश्वास का सहारा नहीं लिया और उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिठली पहुंचाया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद चिकित्सक डॉ. सौरभ उइके एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने बिना विलंब किए मरीज को एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) देकर उपचार शुरू किया। प्राथमिक उपचार के बाद मरीज की स्थिति स्थिर होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय बालाघाट रेफर किया गया, जहां विशेषज्ञ उपचार के बाद उनकी हालत सामान्य हो गई और अब वे खतरे से बाहर हैं।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैहर अर्पित गुप्ता के सतत मार्गदर्शन और जनजागरूकता अभियानों का सकारात्मक असर क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। अब सर्पदंश की घटनाओं में लोग झाड़-फूंक और तंत्र-मंत्र में समय गंवाने के बजाय सीधे शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में पहुंचकर उपचार करा रहे हैं, जिससे कई लोगों की जान बचाई जा रही है।

जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि सर्पदंश की किसी भी घटना में अंधविश्वासों से दूर रहें और मरीज को तुरंत निकटतम शासकीय अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं। सभी जिला चिकित्सालयों के साथ-साथ दूरस्थ प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, जिससे मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही समय पर जीवनरक्षक उपचार मिल रहा है।

चिकित्सकों का कहना है कि सर्पदंश की स्थिति में हर मिनट महत्वपूर्ण होता है और समय पर वैज्ञानिक उपचार ही जीवन बचाने का सबसे सुरक्षित एवं प्रभावी उपाय है।

पठार इलाके में बढ़ी अवैध तस्करी और आपराधिक घटनाएं

महकेपार चौकी में 10की जगह सिर्फ 2 जवान

खतरे में 22 गांवों की सुरक्षा

कटंगी। महाराष्ट्र सीमा से सटे पठार अंचल में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बनाई गई महकेपार पुलिस चौकी आज खुद ही संसाधनों की कमी से जूझ रही है। बालाघाट जिले के तिरोड़ी थाना क्षेत्र के अधीन आने वाली इस चौकी में स्वीकृत 10 पदों के मुकाबले पिछले करीब 4 माह से सिर्फ 2 पुलिसकर्मी ही ड्यूटी निभा रहे हैं। रविवार 26 जुलाई को जब हम मौके पर पहुंचे तो चौकी में केवल 01 प्रधान आरक्षक और 01 आरक्षक ही मौजूद मिले। जिसका सीधा परिणाम जमीन पर दिख रहा है। महाराष्ट्र से लगी सीमा, जंगल, सुनसान रास्ते और 22 गांवों का बड़ा दायरा संभालने वाली इस चौकी पर अवैध तस्करी, अवैध आवागमन और अन्य आपराधिक गतिविधियों में इजाफा हो गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि स्टाफ की कमी के कारण पुलिस समय पर घटनास्थल तक नहीं पहुंच पा रही, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

महकेपार पुलिस चौकी तिरोड़ी तहसील के पठार क्षेत्र में स्थित है। इस क्षेत्र को प्रशासनिक और पुलिस दोनों स्तर पर संवेदनशील माना जाता है, क्योंकि यह इलाका सीधे महाराष्ट्र की सीमा से सटा हुआ है। दो राज्यों के बीच होने वाली तस्करी, अवैध परिवहन और अंतरराज्यीय अपराधों पर नजर रखने के उद्देश्य से ही यहां चौकी स्थापित की गई थी। इस पूरे मामले में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विवेक कुमार शर्मा से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि ट्रांसफर सूची आने वाली हैं उसमें महकेपार चौकी के लिए निश्चित तौर पर जवानों को नियुक्ति मिलेगी।

मिली जानकारी अनुसार चौकी के लिए कुल 10 पद स्वीकृत हैं जिसमें 1 एसआई,1 एएसआई, 02 प्रधान आरक्षक और 6 आरक्षक है। लेकिन हकीकत में पिछले 4 महीनों से यहां रोटेशन के आधार पर सिर्फ 2 जवानों की ड्यूटी लगाई जा रही है। 26 जुलाई रविवार को ग्राउंड विजिट में भी यही तस्वीर मिली। चौकी प्रभारी सहित बाकी पद रिक्त होने के कारण मौजूदा दो जवानों पर ही पूरे क्षेत्र की जिम्मेदारी है। उन्हें दिन में शिकायतें सुननी हैं, कागजी कार्रवाई करनी है, कोर्ट में पेशी निपटानी है और रात में गश्त भी करनी है। 24 घंटे की ड्यूटी और लगातार थकान के कारण उनकी कार्यक्षमता पर भी असर पड़ रहा है।

22 गांवों की सुरक्षा एक सवाल-

इस चौकी के अधीन महकेपार, कोड़बी, गोरेघाट, कुड़वा, भोण्डकी, बड़पानी, कोसुंबा, अंबेझरी, खैरलांजी, बाड़ारेव, कन्हड़गांव, कोसम टोला, नवेगांव खुर्द, मासुलखापा, आगरी, संग्रामपुर, लक्ष्मीपुर हमेशा, चिटका देवरी, पथरापेट, किसनपुर हमेशा, गणेशपुर हमेशा और देवरी बुजुर्ग गांव आते है। यह पूरा इलाका वनों से भरा और दूर-दराज का है। कई गांवों तक पहुंचने के लिए कच्चे रास्ते और जंगल के रास्ते ही हैं। सामान्य दिनों में भी यहां पुलिस को पहुंचने में समय लगता है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों के अनुसार पुलिस बल की कमी का सबसे बड़ा असर कानून व्यवस्था पर पड़ा है। महाराष्ट्र से सटी सीमा होने के कारण यहां कच्ची शराब, गांजा और अन्य प्रतिबंधित सामान की तस्करी के मामले बढ़े हैं। रात में गश्त कम होने से तस्कर खुले आम आवाजाही कर रहे हैं। क्षेत्र जंगल से घिरा है। पुलिस की कम उपस्थिति का फायदा उठाकर अवैध लकड़ी कटाई और खनन की शिकायतें भी बढ़ी हैं। दूरस्थ गांवों में चोरी, मारपीट और जमीन विवाद के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन शिकायत के बाद भी पुलिस के समय पर न पहुंच पाने से पीड़ितों में असंतोष है। सीमा पार से आने-जाने वाले अपराधियों पर निगरानी कमजोर हुई है। चौकी में पर्याप्त बल न होने से नाकेबंदी और चेकिंग लगभग बंद जैसी स्थिति है।

दो जवानों पर भारी बोझ-

वर्तमान में तैनात एक प्रधान आरक्षक और एक आरक्षक को एक साथ कई काम संभालने पड़ रहे हैं। दिन में चौकी में बैठकर शिकायतें दर्ज करना, वरिष्ठ अधिकारियों की रिपोर्ट और डेटा भेजना, कोर्ट में चालान पेशी और गवाही, रात में क्षेत्र में गश्त, पुलिसकर्मी भी मानते है कि अगर एक कहीं निकल जाए तो चौकी खाली रह जाती है। ग्राम पंचायत महकेपार के सरपंच युवचंद सोनवाने ने कहा, महकेपार चौकी में जवानों की कमी का असर पूरे पठार अंचल में देखने को मिल रहा है। पहले पुलिस की मौजूदगी से लोग सुरक्षित महसूस करते थे। अब आपराधिक गतिविधियों में इजाफा हुआ है। रात में गश्त नहीं होने से लोग डरे हुए हैं। अंबेझरी पंचायत के पूर्व सरपंच सुखदेव सलामे ने भी इसी बात को दोहराया। उन्होंने कहा, यह इलाका संवेदनशील है। यहां स्टाफ पूरा होना चाहिए। अभी दो लोग 22 गांव कैसे संभालेगें। दोनों जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से गृह विभाग, क्षेत्रीय विधायक, सांसद और पुलिस अधीक्षक बालाघाट से मांग की है कि महकेपार चौकी के सभी स्वीकृत पदों पर तत्काल पुलिसकर्मियों की नियुक्ति की जाए। बहरहाल, पठार जैसा संवेदनशील क्षेत्र, 22 गांवों की जिम्मेदारी, और महाराष्ट्र से सटी सीमा इन सबके बीच सिर्फ 2 पुलिसकर्मियों से कानून व्यवस्था की उम्मीद करना अव्यवहारिक है। अगर समय रहते स्टाफ नहीं बढ़ाया गया तो अपराध और बढ़ सकते हैं। जनता का पुलिस पर से भरोसा कमजोर होगा और तस्करों के लिए यह इलाका और आसान हो जाएगा।

इनका कहना है-

ट्रांसफर सूची आने वाली हैं उसमें महकेपार चौकी के लिए निश्चित तौर पर जवानों को नियुक्ति मिलेगी।

विवेक कुमार शर्मा
एसडीओपी कटंगी

खेल मैदान से बुलंद हुआ नशामुक्ति का संदेश, खिलाड़ियों ने लिया समाज को जागरूक करने का संकल्प

लाँजी । मध्य प्रदेश पुलिस, बालाघाट एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत जिलेभर में युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करने के लिए विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। 15 से 30 जुलाई 2026 तक चलने वाले इस विशेष अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाना, स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना तथा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध जनसहभागिता बढ़ाना है। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी राहुल बारेसा के निर्देशानुसार लांजी विकासखंड स्थित शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स अकादमी के तत्वावधान में वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल मुकाबलों के समापन पर सभी खिलाड़ियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई और समाज में नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने का संकल्प कराया गया।

खिलाड़ियों को दिया अनुशासन और स्वस्थ जीवन का संदेश

कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस विभाग के अधिकारियों ने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए कहा कि खेल व्यक्ति को अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी का सबसे बड़ा लक्ष्य अपने खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना होना चाहिए, न कि किसी भी प्रकार के नशे की ओर आकर्षित होना। अधिकारियों ने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, शारीरिक फिटनेस और शिक्षा को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की सीख देते हुए कहा कि यदि किसी चीज का जुनून होना चाहिए तो वह केवल खेल और सफलता का होना चाहिए। विकासखंड समन्वयक प्रज्ञात वासनिक ने बताया कि अभियान के तहत खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों में भी नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम, रैलियां और संवाद आयोजित किए जा रहे हैं। खिलाड़ियों द्वारा नशा मुक्त भारत और नशे से दूरी है जरूरी अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम में अकादमी के वरिष्ठ खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों की सक्रिय उपस्थिति रही। आयोजन का उद्देश्य खेलों के माध्यम से युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर उन्हें नशे से दूर रखते हुए एक स्वस्थ और जागरूक समाज का निर्माण करना है।

धनौरा आजीविका मिशन घोटाला: जांच की मांग तेज, कई अधिकारी रडार पर

केशव राय -धनौरा विकासखंड में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में हुए भारी भ्रष्टाचार की खबर के बाद प्रशासन में हडक़ंप मच गया है। 'हरिभूमि' में समाचार प्रकाशित होने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेने का वादा किया है। सूत्रों के अनुसार, संभाग आयुक्त (कमिश्नर) ने इस पूरे फर्जीवाड़े की परतें खोलने के लिए एक उच्च स्तरीय विशेष जांच टीम का गठन करने का आश्वासन दिया है।

प्रशिक्षण व सामग्री और भोजन के नाम पर लगाया जाता है अपने मधुर संबंधियों के फर्जी बिल

सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार कागजी समूहों' को प्रशिक्षण और अन्य रोजगार सिखाने के नाम पर जो फर्जी प्रशिक्षण शिविर दिखाए जाते हैं ,उनका भौतिक सत्यापन कराया जाये तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।जिन टेंट, भोजन और सामग्री सप्लायर्स के नाम पर फर्जी बिल लगाकर अपने चहेते समूहों को लाभ पहुंचाया जाता है और सरकारी बजट ठिकाने लगाया गया है उनकी जांच कराई जाए तो सच्चाई सामने आ सकती है ।सूत्रों का कहना है कि आजीविका मिशन के प्रबंधक अपने करीबियों और अपने

फर्जी और ब्लैक लिस्टेड समूहों की हो जाँच

आप को लाभ पहुँचाने के लिए अपने संबंधी समूहों को पहले प्राथमिकता देते हैं बाकियों को ऑफिस के चक्कर लगवाते हैं ।

रिश्वतखोरी के नेटवर्क पर लोकायुक्त की नजर

लोन और फंड स्वीकृति के एवज में 10 से 15 प्रतिशत कमीशनखोरी के खेल को लेकर लोकायुक्त संगठन भी सक्रिय हो गया है। हाल ही में पड़ोसी जिले छिंदवाड़ा के मोहखेड़ में ब्लॉक मैनेजर की गिरफ्तारी के बाद, अब धनौरा ब्लॉक के भी कुछ चिन्हित अधिकारी और कर्मचारी जांच एजेंसी के रडार पर हैं। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित महिलाओं और ग्रामीणों ने गोपनीय तरीके से जांच टीम को उन अधिकारियों के नाम सौंपने की हिम्मत की है जो लोन पास कराने के बदले सीधे तौर पर रिश्वत की मांग करते हैं ।

ग्रामीणों ने कहा 'मिलेगा हक या सिर्फ होगी खानापूर्ति?

इस बीच, स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं और पीड़ित ग्रामीण महिलाओं ने निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने की तैयारी तेज कर ली है।

खबर संक्षेप

जिला स्तरीय शालेय बॉक्सिंग स्पर्धा संपन्न, चयनित खिलाड़ी संभाग स्तरीय स्पर्धा में करेंगे सिवनी जिले का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिला शिक्षा अधिकारी, सिवनी के निर्देशन एवं शिक्षा विभाग के तत्वावधान में उदय पब्लिक स्कूल, सिवनी के इंडोर हॉल में जिला स्तरीय शालेय बॉक्सिंग चयन स्पर्धा का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। चयनित खिलाड़ी अब आगामी संभाग स्तरीय शालेय बॉक्सिंग स्पर्धा में सिवनी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।
प्रतियोगिता में उदय पब्लिक स्कूल, मिशन इंग्लिश स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय बरघाट, उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी, महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय, गुरुकुल बरघाट, मिशन बालक विद्यालय, महात्मा गांधी विद्यालय, श्रीराम आदर्श विद्यालय सहित जिले के अनेक विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती जस्सी थॉमस, राघवेंद्र ठाकुर (प्राचार्य, उदय पब्लिक स्कूल), अनिल राजपूत एवं मनीष मिश्रा (विधायक खेल प्रतिनिधि) की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

जन समस्या निवारण संस्थान सिवनी द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जन समस्या निवारण संस्थान सिवनी द्वारा इस दिन को प्रति वर्ष पूरी निष्ठा के साथ मनाया जाता है ताकि हम भी अपनी सेनाओं का कुछ कर्ज अदा कर सकें। आज संस्थान ने दुर्गा मंदिर परिसर पर पूजन अर्चन कर देश भक्ति के गीतों को पूरे उत्साह के साथ गाते हुए फौजी भाइयों की सलामती के लिए प्रार्थना की। तत्पश्चात कारगिल युद्ध के दौरान अपने प्राणोंत्कर्ष करने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।आज के विजय दिवस मे संस्थान की जिला अध्यक्ष पार्वती डहेरिया जिला उपाध्यक्ष अमृता बेदी नगर उपाध्यक्ष (विधि प्रकोष्ट) एड शालिनी डहेरिया जिला सदस्य कंचन भलावी,लक्ष्मी बघेल,नीतू रजक,वर्षा विशेन,लक्ष्मी गहलोद,प्रेमलता बेन्द्रे, अनिता रजक,स्मिता श्रीवास्तव,राजनीता बघेल,पूनम प्रजापति,जयश्री पांडे,निर्मला कुशवाहा,कामिनी चन्द्रा, रुक्मणि यादव,सुमित्रा यादव,अनुराधा पन्द्रे,रितिका यादव,जयंती सराठे,अनुसुइया कुशवाहा,ओमबती शशि बघेल, कमला बाई विशेन,राधा विशेन,ममता,शांति यादव,सोनू सराठे,पारुल रजक,आदि की उपस्थिति रही।

अमृत हरित महाअभियान के तहत किया गया वृक्षा रोपण

हरिभूमि न्यूज सिवनी। छपारा। पूरे प्रदेश में चलाये जा रहे अमृत हरित महाअभियान के तहत नगर परिषद छपारा द्वारा लगभग 13 हजार पौधों का रोपण का लक्ष्य रखा गया था जिसमें अभी तक लगभग 10 हजार पौधे परिषद लगा चुकी हैं ,यह पौधा रोपण, नगर परिषद के डम्प यार्ड, नगर के सी एम राइस स्कूल, गर्ल्स स्कूल फिल्टर प्लांट, मोक्षधाम, संजीवनी क्लिनिक, बड़े छपारा मोक्षधाम, इंटक वैल, तीन्सा में तालाब के पास, एवं नगर परिषद के सभी 15 वार्डों में रोपे गए है, पूरा नगर हरा भरा हो, शुद्ध हवा मिलती रहे इसको लेकर नगर परिषद कि सी एम ओ गीता बाल्मीकि, नगर परिषद अध्यक्ष, निशा पटेल, सभापति , पार्षद सहित परिषद के कर्मचारी कि उपस्थिति में पौधा रोपण किया गया, नगर परिषद कि सी एम ओ गीता बाल्मीकि ने नगर के समस्त नागरिकों से अनुरोध किया है कि अपने अपने घर के सामने , गार्डन और सार्वजनिक स्थानों में वृक्षारोपण करके, उसकी जिम्मेदारी भी ले।

खड़ी यात्री बस को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर रविवार सुबह करीब 7 बजे सडक़ हादसा हो गया। सिरमंगनी गांव के पास सडक़ किनारे खड़ी यात्री बस को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक यात्री की मौत हो गई, जबकि 18 लोग घायल हुए हैं। घायलों में पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है।

बस के पीछे से टकराया ट्रक

भोपाल से मंडला जा रही यात्री बस सिरमंगनी गांव के पास सडक़ किनारे रुकी हुई थी। इसी दौरान पीछे से आए ट्रक चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और बस के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। टक्कर से बस का पिछला और ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।
हादसे में कहानी निवासी देवेंद्र पटेल (40) की मौत हो गई। 18 घायलों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल लखनादौन ले जाया गया। इनमें से पांच को गंभीर चोटों के कारण जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। अन्य घायलों का इलाज लखनादौन में चल रहा है।

पुलिस ने हटवाए क्षतिग्रस्त वाहन

हादसे की सूचना मिलते ही लखनादौन पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। राहत कार्य शुरू कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना के बाद कुछ देर -एनएच 44 पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल कराया।

प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार की बात

लखनादौन थाना प्रभारी केपी धुर्वे ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही हादसे की वजह सामने आ रही है। हालांकि, दुर्घटना का वास्तविक कारण विस्तृत जांच के बाद स्पष्ट होगा।

घायलों के नाम

रघुवीर साहू पिता भुन्नीलाल साहू (50), विद्या साहू पति रघुवीर साहू (42), देवलाल पिता चेतराम झारिया (50), रतन लाल पिता रूपसिंह साहू (60),दिगलो बाई पति हेमंत कुमार यादव (50), अनिता पति अरविंद सिंह राजपूत (34), सुखवती पति नेतराम मेहरा (85), लता राजपूत पति सतेंद्र राजपूत (34), अरविंद राजपूत पिता दर्शन राजपूत (35), संदीप पिता कृष्ण रमन यादव (46), नेम सिंह पिता दशरत लाल मरकाम (50), दुम्मा पिता बारेलाल भारती (45), राजकुमार पिता जयसिंग पन्द्रे (34), बदराइन पति शंकर तेकाम (60), आनंद बाई पति सरकार सिंह ठाकुर (50), अभय पिता सरजू प्रसाद नामदेव (25), कुंवर सिंह मरकाम पिता बाबूलाल मरकाम (37)।

97 हजार की सहयोग राशि से बढ़ाया हौसला

जेईई एडवांस में सफ़लता पाने वाले अजय अहिरवार को मिली नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया। छपारा जनपद क्षेत्र के होनहार छात्र अजय अहिरवार ने जेईई एडवांस में 2484 रैंक हासिल कर न केवल अपने परिवार ही नहीं बल्कि पूरे छपारा नगर सहित सांदीपनि विघालय का नाम रोशन किया है।
ज्ञात हो कि आर्थिक कठिनाइयों के बीच पले बढे अजय की आगे पढाई हेतु विघालय परिवार प्रशासन सहित समाज ने मिलकर 97 हजार रुपये की सहयोग राशि भेंट कर उनको भावभीनी विदाई दी गई।
अजय के जानने वालों ने बताया कि बचपन में मां का साया सर से उठ गया था वहीं विगत आठ वर्ष पूर्व 2018 में पिता का भी दुखद निधन हो जाने के बाद अजय ने हार

नहीं मानी। ग्राम गणेशगंज के खास रहने वाले अजय ने अपने मामा घनश्याम अहिरवार जो छपारा विकास खड अंतर्गत लुडगी ग्राम निवासी है, उनके सहयोग और देख रेख में दोनों भाई बहन ने पढाई की दसवीं तक की पढ़ाई पूरी करके छपारा नगर में किराए के कमरे में रहकर अपनी पढाई जारी रखी। वहीं अजय ने कक्षा 11 वीं में 77 प्रतिशत अंक, तो 12 वीं कक्षा 90.40 प्रतिशत अंक, तो साथ पास की इसके साथ ही उन्होंने जेईई मेंस में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिस पर उन्हें जयपुर में आगे की पढ़ाई के लिए सीट आवंटित हुई है।
इस अवसर पर सिवनी कलेक्टर नेहा मीना, सहायक आयुक्त लालजी मीणा, बीआरसी, सांदीपनि विघालय के प्राचार्य महेश कुमार, रहमतकर एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने अजय को 97 हजार रुपये की सहयोग राशि भेंट की। साथ ही पुष्पगुच्छ देकर, मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की कामनांए की।

आगामी 18 से 24 अगस्त तक राशि लान मे होगी भव्य संगीतमय शिव महापुराण कथा

हरिभूमि न्यूज सिवनी। सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने भव्य संगीतमय शिव महापुराण कथा के आयोजन हेतु विधि-विधान से संकल्प लिया। सिवनी नगर के राशि लॉन मे इस दिव्य आयोजन का शुभारंभ आगामी माह 18 अगस्त से 24 अगस्त 2026 तक पूज्यनीय संत महंत विपिन बिहारी दास महाराज के पावन सानिध्य में भव्य संगीतमय शिव महापुराण कथा का पावन आयोजन होगा। आज भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमु के लखनादौन स्थित कार्यालय मे विराजमान विघ्नहर्ता प्रथम पूज्य भगवान गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कथावाचक विपिन बिहारी दास जी महाराज के शिष्य पूज्य पंडित प्रदीप दुबे द्वारा विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ विधायक दिनेश राय मुनमुन को दिव्य एवं भव्य कथा आयोजन के सफल संपादन हेतु संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर विधायक दिनेश राय मुनमुन ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं और श्रद्धालुओं से कथा स्थल पहुंचकर शिव महापुराण का श्रवण करने तथा भगवान भोलेनाथ की असीम कृपा प्राप्त कर धर्म लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

सिद्धबाबा में कदम संस्था का पौधारोपण, जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

लखनादौन। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्यरत कदम संस्था द्वारा प्रत्येक रविवार की भांति इस सप्ताह भी सिद्धबाबा परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमियों ने सहभागिता करते हुए पौधे लगाए और प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया।
इस अवसर पर आज के कदम साथी के रूप में कैलाश गोलहनी ने पौधारोपण कर अभियान में अपनी सहभागिता निभाई। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि स्वास्थ्य की दृष्टि से रा सा य नि क की ट ना श कों (पेस्टिसाइड) से तैयार सब्जियों का

उपयोग कम करें तथा अपने घर, आंगन, छत और गमलों में गोबर की खाद से जैविक तरीके से सब्जियां उगाकर उनका उपयोग करें। इससे परिवार स्वस्थ रहेगा और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।
कार्यक्रम में अपर वन मंडल अधिकारी गोपाल सिंह, कदम संस्था की प्रमुख मंजू साहू, केशरी गोलहनी सहित अनेक पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।
कदम संस्था का यह साप्ताहिक पौधारोपण अभियान क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने

तंबाकू विक्रय के विरुद्ध प्रशासन का विशेष अभियान जारी

41 चालान बनाकर 8200 रुपये का जुर्माना वसूला, 8 गुमटी-ठेले हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर मती नेहा मीना के निर्देशन में जिले में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम , 2003 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों के विक्रय पर रोक लगाने हेतु विशेष अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य बच्चों एवं किशोरों को तंबाकू की लत से बचाना, शिक्षण संस्थानों के आसपास तंबाकू मुक्त वातावरण विकसित करना तथा ष्टह्रञ्जक्क्र अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना है।
अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद सिवनी एवं नगर परिषद बरघाट, लखनादौन, छपारा तथा केवलारी की संयुक्त टीमों द्वारा स्कूलों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों के आसपास स्थित दुकानों, गुमटियों

एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान शिक्षण संस्थानों की 100 गज की परिधि में तंबाकू उत्पादों का विक्रय करते पाए जाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध ष्टह्रञ्जक्क्र अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही संबंधित दुकानदारों को भविष्य में विद्यालयों के आसपास तंबाकू उत्पादों का विक्रय नहीं करने की सख्त चेतावनी देते हुए अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी भी दी जा रही है। अभियान के दौरान अब तक जिलेभर में 41 चालान बनाकर 8200 रुपये का जुर्माना वसूला गया है। निरीक्षण के दौरान 23 शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों का विक्रय पाया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालयों के आसपास संचालित 8 गुमटी एवं ठेलों को हटाने की कार्रवाई भी की गई, जिससे विद्यार्थियों की तंबाकू उत्पादों तक आसान पहुंच को रोका जा सके। निकायवार कार्रवाई में नगर पालिका परिषद सिवनी में 16 चालान बनाकर 3200 रुपये, नगर परिषद बरघाट में 6 चालान बनाकर 1200 रुपये, नगर परिषद लखनादौन में 7 चालान बनाकर 1400 रुपये, नगर परिषद छपारा में 8 चालान बनाकर 1600 रुपये तथा नगर परिषद केवलारी में 4 चालान बनाकर 800 रुपये का जुर्माना वसूला गया। कलेक्टर मती नेहा मीना ने कहा है कि सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के अनुसार विद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों के 100 गज की परिधि में तंबाकू उत्पादों का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस प्रतिबंध का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए तथा ऐसे क्षेत्रों में तंबाकू उत्पादों का विक्रय करते पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध निरंतर एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि यह विशेष अभियान लगातार जारी रखा जाए, नियमित निरीक्षण किए जाएं तथा उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध बिना किसी शिथिलता के नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही दुकानदारों, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं आमजन को ष्टह्रञ्जक्क्र अधिनियम के प्रावधानों तथा तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां भी सतत संचालित की जाएं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे विद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री की सूचना संबंधित निकाय अथवा प्रशासन को दें, ताकि बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ एवं तंबाकू मुक्त शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को दी गई सुरक्षा एवं सहायता सेवाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी। शासन के निर्देशानुसार मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ विमेन के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरघाट में छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को महिला सुरक्षा, अधिकारों तथा विभिन्न सहायता सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान वन स्टॉप सेंटर द्वारा अपनी सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि हिंसा से प्रभावित महिलाओं को एक ही स्थान पर चिकित्सकीय सहायता, विधिक परामर्श, मनोसामाजिक परामर्श, अस्थायी आश्रय एवं अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों में बिना

झिझक सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन सेवा 112, पुलिस हेल्पलाइन 100, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 की उपयोगिता एवं आवश्यकता के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में सुरक्षा, आत्मविश्वास एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर सिवनी की पर्यवेक्षक मती चंद्रकांता भारती, सेंटर एडमिन नारायणी सरसौते, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

सीएमएचओ डॉ. पंकज दुबे ने स्वास्थ्य संस्थाओं का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज सिवनी। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पंकज दुबे ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कान्हीवाड़ा, पलारी एवं कहानी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनौरा का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, दवा उपलब्धता, प्रयोगशाला, साफ-सफाई तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान डॉ. दुबे ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आयोजित शिविर का भी अवलोकन किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की सभी आवश्यक जांच समय पर कराने तथा विशेष रूप से प्रत्येक गर्भवती महिला की सीबीसी जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए,

शहीद रामपाल व्यायामशाला में गूँजा नशा मुक्ति का संकल्प

जिला खेल अधिकारी और टीआई ने युवाओं को दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

हरिभूमि न्यूज सिवनी। नशामुक्त और सशक्त मध्यप्रदेश के निर्माण के संकल्प के तहत चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 महा-अभियान के अंतर्गत आज भैरोगंज स्थित ऐतिहासिक शहीद रामपाल एवं संकट मोचन महावीर व्यायामशाला, सिवनी में एक भव्य एवं विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
यह गरिमामयी आयोजन संकट मोचन हनुमान मंदिर के साप्ताहिक पूजन के समस्त भक्तजनों, सेवादारों, क्षेत्रीय नागरिकों, व्यायामशाला के स्वयंसेवकों और प्रशासनिक अधिकारियों के विशेष समन्वय से संपन्न हुआ।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिवनी नगर निरीक्षक (कोतवाली टीआई) सतीश तिवारी , अध्यक्षता जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे , तथा विशेष अतिथि के रूप में जिला कबड्डी संघ के संयोजक व व्यायामशाला के संस्थापक रघुराज सिंह ठाकुर, और निकेश पद्माकर जी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के सर्वप्रथम उद्बोधन में नगर निरीक्षक सतीश तिवारी ने उपस्थित युवाओं और नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया। इसके पश्चात, जिला खेल अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे ने अपने संबोधन में युवाओं को नशे से दूर रहने, अपनी फिटनेस बरकरार रखने और नियमित रूप से खेलों से जुड़ने का विशेष संदेश दिया। संबोधन की अंतिम कड़ी में व्यायामशाला के अध्यक्ष जीवन सनोडिया ने नशा-उन्मुक्त समाज के निर्माण के लिए एक सारगर्भित संदेश देते हुए सभी स्वयंसेवकों और नागरिकों से समाज को नशे से दूर रखने की मार्मिक अपील की।

ली गई नशा मुक्ति की शपथ

संबोधनों के पश्चात, कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने व्यायामशाला के युवाओं, मंदिर के सेवादारों और उपस्थित समस्त नागरिकों को जीवनभर नशे से दूर रहने की संकल्प शपथ दिलाई। इस प्रेरणादायक पहल की उपस्थित जनसमूह ने भूरी-भूरी प्रशंसा की।

युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सिवनी जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के सारसडोल गांव में रविवार को युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, सारसडोल निवासी रामकिशन कुमरे (25) रविवार दोपहर करीब 12 बजे बाइक से गांव से गुजर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने रास्ते में खड़ी एक वृद्ध महिला को ओर हाथ हिलाकर अभिवादन किया। पास खड़े एक शख्स ने इसे अपने परिवार की महिला की ओर इशारा समझ लिया, जिसके बाद दोनों में कहासुनी शुरू हो गई।
देखते ही देखते यह विवाद उग्र हो गया और आरोपी ने रामकिशन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा।
घटना के तुरंत बाद परिजन और ग्रामीण घायल रामकिशन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर ले गए। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही घंसौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए।
घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण झारिया ने बताया कि पीड़ित के बयान के आधार पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साथ ही, पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी विवाद का निपटारा शांति और कानून के दायरे में रहकर करें।

खबर संक्षेप

बटरमारा पुल के पास दर्दनाक सड़क हादसे

वारासिवनी। वारासिवनी क्षेत्र के ग्राम पुनी से बटरमारा पुल के पास मोड़ पर रविवार 12 जुलाई की सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल 28 वर्षीय युवती की शनिवार की सुबह उपचार के दौरान नागपुर के एक अस्पताल में मौत हो गई। विदित हो कि मजदूरों से भरी एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई थी। इस दुर्घटना में वाहन में सवार सभी 20 मजदूर घायल हो गए थे, जिनमें से 4 महिलाओं की हालत बेहद गंभीर बताई गई थी। यह सभी महिलाएं खेत में **धान का परहा लगाने के लिए ले जाई जा रही थीं।**

डोंगरमाली निवासी महेश लिल्हारे ने बताया कि इस दुर्घटना में ग्राम डोंगरमाली निवासी 28 वर्षीय युवती सविता पिता बैगा लाल लिल्हारे गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसे बालाघाट के बाद गोंदिया और फिर नागपुर उपचार के लिए परिजनों ने ले गए थे। जहां डाक्टरों के अथक प्रयासों के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका और 25 जुलाई की सुबह उसकी मौत हो गई। जिसका अंतिम संस्कार ग्राम डोंगरमाली में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में शोकाकुल माहौल में किया गया।

लांजी में बेखौफ लुटेरे, पुलिस फिर नाकाम: दिनदहाड़े बुजुर्ग दंपत्ति को बंधक बनाकर लाखों की लूट

बंदूक और चाकू की नोक पर वारदात, सोना-चांदी व ढाई लाख रुपये नकद ले उड़े बदमाश

एक माह में दूसरी बड़ी लूट के बाद कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल

हरिभूमि न्यूज़ लाँजी। लांजी थाना क्षेत्र एक बार फिर अपराधियों के हौसलों के आगे बेबस नजर आया। ग्राम कुल्पा में शनिवार दोपहर चार अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े एक बुजुर्ग दंपत्ति के घर में घुसकर बंदूक और चाकू की नोक पर बंधक बना लिया। बदमाशों ने बेरहमी से मारपीट कर घर में रखे करीब पांच तोला सोना, लगभग एक किलो चांदी और करीब ढाई लाख रुपये नकद लूट लिए तथा आराम से फरार हो गए। इस दुस्साहसिक वारदात ने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी है और स्थानीय लोगों के बीच पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर गहरा असंतोष देखा जा रहा है। हालांकि, घटना की जांच जारी है और पुलिस आरोपियों की तलाश करने की बात कह रही है।

दिनदहाड़े रची गई पूरी साजिश

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना दोपहर करीब 12 से 1 बजे के बीच हुई। पीड़ित परिवार ने बताया कि कुछ समय पहले दो युवक फ्रिज सुधारने के बहाने घर पहुंचे थे। उनके जाने के बाद चार अन्य लोग मोबाइल टॉवर लगाने की बात कहकर घर में दाखिल हुए। घर के भीतर पहुंचते ही उन्होंने बुजुर्ग दंपत्ति को हथियारों के बल पर बंधक बना लिया। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई और पूरे घर की तलाशी लेकर कीमती जेवरात तथा नकदी समेट ली गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित शत्रुघ्न लिल्हारे के अनुसार, बदमाश करीब पांच तोला सोना, एक किलो चांदी और लगभग ढाई लाख रुपये नकद लेकर भागे हैं। घटना में बुजुर्ग दंपत्ति को चोटें भी आई हैं। पीड़ित के पुत्र श्यामसुंदर लिल्हारे ने आशंका जताई है कि मोबाइल टॉवर लगाने का बहाना बनाकर आए लोगों का ही इस घटना से संबंध हो सकता है। पुलिस इस पहलू सहित अन्य संभावनाओं की भी जांच कर रही है।

लगातार वारदातों से पुलिस पर उठ रहे सवाल

लांजी क्षेत्र में लगातार हो रही लूट की घटनाओं ने आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों का कहना है कि अपराधी अब दिनदहाड़े वारदात करने से भी नहीं डर रहे हैं। ऐसी घटनाएं लोगों में असुरक्षा की भावना पैदा कर रही हैं और अपराधियों के बढ़ते दुस्साहस पर अंकुश लगाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। गौरतलब है कि 28 जून की रात सराफा व्यवसायी कपिल आसटकर से लाखों रुपये के जेवरों से भरा बैग लूट लिया गया था। उस मामले में भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। अब एक माह के भीतर दूसरी बड़ी लूट होने से लोगों में यह सवाल उठने लगा है कि आखिर अपराधियों में कानून का भय क्यों नहीं दिखाई दे रहा।

ग्रामीणों में आक्रोश, त्वरित कार्रवाई की मांग

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे, घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच तेज कर दी गई है। वहीं, ग्रामीणों ने पुलिस से शीघ्र खुलासा करने, क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लगातार सामने आ रही गंभीर आपराधिक घटनाओं ने लांजी की कानून-व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। हालांकि इन घटनाओं के लिए जिम्मेदारी और किसी प्रकार की लापरवाही का निर्धारण जांच और तथ्यों के आधार पर ही होगा, लेकिन क्षेत्र के नागरिकों की अपेक्षा है कि पुलिस हालिया घटनाओं का शीघ्र खुलासा कर सुरक्षा व्यवस्था में प्रभावी सुधार सुनिश्चित करे।

वन विभाग के दखल से रुका विकास का पहिया

बिछवा-हीरापुर-चांदाडोह सड़क आज भी बनी कच्ची

5.20 करोड़ की लागत धरी की धरी, कागजों में विकास, धरातल पर कीचड़

कटंगी। बारिश के मौसम की शुरूआत से ही विधानसभा क्षेत्र कटंगी के एक साथ तीन गांवों के ग्रामीणों का सपना फिर कीचड़ में फंस गया है। ग्राम बिछवा से हीरापुर होते हुए चांदाडोह तक बनने वाली 5.80 किलोमीटर लंबी सड़क को स्वीकृत हुए कई महीने बीत गए। क्षेत्रीय विधायक ने 18 अप्रैल 2026 को धूमधाम से भूमिपूजन भी कर दिया। ठेकेदार ने मशीनें उतारीं, लेकिन जैसे ही काम शुरू हुआ, वन विभाग बीच में आकर खड़ा हो गया। नतीजा यह कि आज भी यह सड़क कच्ची है, और बरसात ने उसे दलदल बना दिया है। 5 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत वाली यह सड़क कागजों पर तो विकास की जीवनरेखा बन चुकी है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि यहां ऊंट के मुंह में जीरा वाली स्थिति है। एक तरफ सरकार सड़क से गांव, गांव से विकास के नारे लगा रही है, दूसरी तरफ विभागों की आपसी खींचतान में आम आदमी पिस रहा

है। बिछवा, हीरापुर और चांदाडोह कटंगी विधानसभा के तीन ऐसे गांव हैं जहां पक्की सड़क थी। बरसात में यहां आवागमन लगभग ठप हो जाता था। सालों की मांग के बाद शासन ने आखिरकार 5.20 करोड़ रुपये से इस मार्ग को पक्का करने की स्वीकृति दी। 18 अप्रैल 2026 को स्थानीय विधायक ने बड़े उत्साह के साथ भूमिपूजन किया। मंच से वादे हुए कि शीघ्र ही सड़क बनकर तैयार हो जाएगी। ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों से स्वागत किया। उन्हें लगा कि अब बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत नहीं होगी, मरीजों को अस्पताल समय पर पहुंचाया जा सकेगा। लेकिन भूमिपूजन के बाद जैसे ही ठेकेदार ने भूमि समतल करने का काम शुरू किया, वन विभाग ने काम रुकवा दिया। कारण बताया गया कि सड़क का कुछ हिस्सा वन भूमि से होकर गुजरता है और उसके लिए एनओसी नहीं ली गई है। ग्रामीणों का सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब सड़क का प्रस्ताव बना, जब बजट स्वीकृत हुआ, जब भूमिपूजन हुआ, तब वन विभाग कहां था? अब काम शुरू होने के बाद अड़ंगा डालना किस बात का इशारा है? यह सवाल बिछवा के जितेन्द्र पटले पूछते हैं। उनका दर्द जायज है। वे बताते हैं, गांव में अगर किसी महिला को प्रसव पीड़ा हो जाए तो 108 एम्बुलेंस गांव तक नहीं आ पाती। मानसून शुरू होते ही इस कच्ची सड़क की असली हालत सामने आ गई है। बिछवा से हीरापुर के बीच लगभग 3 किलोमीटर का हिस्सा पूरी तरह दलदल बन चुका है। जोगाटोला निवासी सुरेश सलामे अपनी पत्नी के साथ साइकिल से तिरोड़ी जा रहे थे। उन्होंने बताया, साइकिल होते हुए भी हम पैदल चल रहे हैं। कीचड़ इतनी है कि पहिया जाम हो जाता है।

मुनि संघ के आगमन से पावन वर्षा योग के पूर्व ही धर्म नगरी वारासिवनी में हुई धर्म वर्षा

हरिभूमि न्यूज़ वारासिवनी। 26 जुलाई 26 रविवार प्रातः 7:30 बजे सन्त शिरोमणि आचार्य भगवन 108 श्री विद्या सागर जी से दीक्षित एवम आचार्य भगवन 108 श्री समय सागर जी के आज्ञानुवर्ती परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य 108 मुनि श्री विराट सागर जी एवम मुनि श्री 108 निस्संग सागर जी महाराज की भव्य मंगल आगवानी परम वन्दनीय आर्यिका 105 श्री सिद्धांतमती माताजी, आर्यिका 105 श्री पुनीत मति माताजी एवम आर्यिका 105 श्री विनय मति माताजी एवम संघस्थ बाल ब्रम्हचारिणी दीदीजी सासंघ के सान्निध्य में सकल जैन समाज के द्वारा अत्यंत उत्साह पूर्वक संपन्न हुई।

रामपायली रोड से वारासिवनी नगर में हुई आगवानी में सर्वप्रथम आर्यिका संघ ने मुनि द्वय को नमोस्तु निवेदित करते हुए उनकी परिक्रमा की, सभी श्रद्धालुजनो के द्वारा लगाए लगे नमोस्तु और वन्दामि के जयकारों से सारा वातावरण धर्म मय हो गया। गाजे, बाजों और धर्म ध्वजा हाथों में लिये वारासिवनी, बालाघाट एवम अन्य अनेको निकटवर्ती नगरों से पधारे जैन समाज के सैकड़ो श्रावक, श्राविका, बालक, बालिकाएं उत्साह पूर्वक गुरुदेव के जयकारे लगाते हुए शामिल हुये। मुनि संघ का मङ्गल विहार नागपुर के समीपवर्ती बाजारगाँव क्षेत्र से बालाघाट जिले के जिनालय की ओर चातुर्मास हेतु चल रहा है।

वारासिवनी जिनालय पहुँचकर मुनि संघ ने सभी प्राचीन जिनालय एवम नवीन पाषाण जिनालय में जिनदर्शन किये । तत्पश्चात पंचायती वेदी में जिनेंद्र भगवान का महा मस्तकाभिषेक सैकड़ो भक्तों द्वारा किया गया एवम सम्पूर्ण विश्व में शाँति हो, इस मङ्गल भावना के साथ शाँति धारा वाचन मुनि श्री द्वारा किया गया । सखी मण्डल द्वारा सजाई गई मनमोहक अष्ट द्रव्य से आचार्य भगवन की संगीत मय पूजन हुई। पूजन पश्चात मुनि श्री ने अपने मांगलिक प्रवचनों में चातक पक्षी के अत्यंत मार्मिक कथानक द्वारा सभी को जिनधर्म के कुलाचार पालन करने की शिक्षा दी। प्रवचनों के पश्चात मुनि आर्यिका संघ की आहार चर्या में सौभाग्यशाली श्रावक श्राविकाओं ने पुण्यार्जन किया। चतुर्विध संघ के सानिध्य में दोपहर में मन्दिर जी में सिद्धचक्र महामंडल विधान के माध्यम से 256 अर्घ्य समर्पित किये गये। वर्ष 2026 बालाघाट जिले के लिये बड़ा ही मंगलकारी है। इस वर्ष बालाघाट जिनालय में मुनि श्री विराट सागर जी ससंघ का पावन चातुर्मास होगा, वहीँ वारासिवनी जिनालय में आर्यिका सिद्धान्त मति माता जी का ससंघ चातुर्मास सम्पन्न होगा। इस प्रकार सम्पूर्ण बालाघाट जिले को इस चातुर्मास द्वारा होने वाले अनेको मांगलिक कार्यक्रमो द्वारा निरन्तर धर्म लाभ मिलेगा । समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक जैन ने बताया कि आगामी 01अगस्त 26 शनिवार को वारासिवनी जिनालय में आर्यिका संघ के चातुर्मास हेतु मङ्गल कलश स्थापना कार्यक्रम भव्य रूप में आयोजित किया जायेगा। समाज के अध्यक्ष आकाश सिंघई ने आगामी चातुर्मास के दौरान होने वाले सभी धार्मिक मांगलिक कार्यक्रमो द्वारा में सभी सामाजिक जनो से सक्रिय सहभागिता द्वारा सफल बनाने का अनुरोध किया। समाज के सचिव अंचल जैन ने बताया कि आज के पावन एवं ऐतिहासिक अवसर पर जैन समाज के सभी श्रद्धालुजनों ने सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गुरुदेव के मंगल दर्शन, वंदना एवं पूजन विधान द्वारा धर्म लाभ प्राप्त किया तथा इस पुण्य अवसर द्वारा संगीत के माध्यम से सहयोग करने वाले नमन जी, विनीत जी, पराग जी एवम सभी कमेटी सदस्यों, महिला मंडल , सखी मण्डल, नवयुवक मंडल बालिका मण्डल एवम अन्य सभी समाज जनो का अपने अमूल्य समय देकर आज के कार्यक्रम को सफल एवम गौरवशाली बनाकर पुण्यार्जन करने वाले सामाजिक बन्धुओ का पँचायत कमेटी की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया।

भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में उमडा श्रद्धालुओं का जन सैलाब

सैकड़ो भक्तों ने रथ खींच कर पहुंचा मंदिर तक

हरिभूमि न्यूज़ उकवा / भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के दूसरे वर्ष में जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया 16 जुलाई को उकवा कैंप जगन्नाथ मंदिर से अत्यंत उत्साह के साथ किया गया रथ यात्रा का शुभारंभ विधि विधान के साथ भगवान श्री जगन्नाथ भाई बलभद्र एवं माता सुभद्रा की प्रतिमाओं को लकड़ी से बने भव्य एवं सुसज्जित रथ पर ढोल नगाड़ों के साथ सार्वजनिक शीतला माता मंदिर परिसर गुदमा कैंप लाकर परिसर में श्रद्धा पूर्वक विराजमान किया गया था जहां पर प्रतिदिन भगवान की पूजा आराधना कर श्रद्धालुओं द्वारा महाप्रसादी का वितरण किया जाता रहा है 24 जुलाई दिन शुक्रवार को भगवान श्री जगन्नाथ बलभद्र एवं माता सुभद्रा को शीतला माता मंदिर परिसर से जगन्नाथ मंदिर उकवा कैंप वापस लाने के लिए रथ पर विराजमान किया गया जहां सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भव्य सुसज्जित रथ को खींचकर भगवान जगन्नाथ बलभद्र एवं माता सुभद्रा को नगर का भ्रमण करते हुए पारंपरिक वेशभूषा में भगवान श्री जगन्नाथ की जय करो जय घोष के साथ नाचती गाते हुए मंदिर की ओर प्रस्थान किया जहां जगह-जगह भक्तों को सामाजिक संस्थाओं धार्मिक संस्थाओं जनप्रतिनिधियों एवं स्वयंसेवकों के द्वारा पानी शरबत फल आदि का वितरण कर भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया । भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा में पुलिस बल का भरपूर योगदान रहा थाना प्रभारी रूपझर पुलिस चौकी उकवा एवं उनकी पूरी टीम ने पूरे रास्ते को क्लियर कर कहीं भी विवाद या जाम जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं होने दी । भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का समापन जगन्नाथ मंदिर उकवा कैंप में किया गया । भगवान श्री जगन्नाथ समिति ने रथ यात्रा को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सामाजिक संगठनों जनप्रतिनिधियों स्वयंसेवक को धार्मिक संगठन मीडिया पुलिस बल एवं श्रद्धालुओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है ।